# भाजपा परिवर्तन संकल्प यात्रा का स्वागत सादुलपुर में ऐतिहासिक होगा: काजला

## स्वागत सभा को सफल बनाने के लिये कार्यकर्ताओं को अलग-अलग जिम्मेदारी दी गई

**सादुलपुर,** (निसं)। भाजपा परिवर्तन संकल्प यात्रा को लेकर सुदेश श्याम सुंदर कार्यालय पर कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित की गई। वहीं इस बैठक में मुख्य वक्ता के रूप में 'ग्राम्य भारत' महाअभियान के संयोजक संदीप काजला ने बताया कि 14 सितंबर को भाजपा परिवर्तन संकल्प यात्रा का सादुलपुर में चूरू रोड पर स्थित 'राधा स्वामी' सत्संग आश्रम स्थल पर यात्रा का भव्य, सभ्य एवं दिव्य ऐतिहासिक स्वागत किया जाएगा।

इस यात्रा में केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, नेता प्रतिपक्ष राजस्थान विधानसभा राजेंद्र सिंह राठौड, उप नेता प्रतिपक्ष सतीश पूनिया, बीकानेर संभाग यात्रा प्रभारी सी.आर. चौधरी, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष श्रवण सिंह बगडी, हरिराम रणवा, प्रदेश मंत्री डॉ. वासुदेव चावला,चूरू जिला अध्यक्ष हरलाल साहरण, उप जिला प्रमुख महेंद्र न्यौल, चूरू जिला यात्रा संयोजक बसंत शर्मा, जिला परिवर्तन यात्रा स्वागत प्रभारी चंद्राराम गूरी, हिंदू जागरण मंच झुंझुनू विभाग प्रमुख डॉ. योगेंद्र पहलवान इत्यादि भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ एवं संगठन के मुख्य नेताओं एवं पदाधिकारियों का सानिध्य प्राप्त होगा। स्वागत सभा को सफल बनाने हेतु कार्यकर्ताओं को अलग-अलग जिम्मेदारी दी गई।



भाजपा परिवर्तन संकल्प यात्रा को लेकर सुदेश श्याम सुंदर कार्यालय पर कार्यकर्ताओं की आयोजित बैठक में जिम्मेदारियां सौंपते संदीप काजला।

■ 'राधा स्वामी' सत्संग आश्रम स्थल पर यात्रा का भव्य, सभ्य एवं दिव्य ऐतिहासिक स्वागत किया जाएगा

समाजसेवी धर्मपाल स्वामी ने अधिक से अधिक लोगों को स्वागत सभा में लाने हेतु कार्यकर्ताओं से आव्हान किया। बैठक में स्वामी समाज राजगढ के अध्यक्ष राधेश्याम स्वामी, सतवीर मेघवाल राघा बडी, लीलाधर नागल, सुनील पूनिया, रवि राजगढ, विजेंद्र, सुरेंद्र पूनिया, दिनेश रेडू, अमित बराड, प्रदीप जांगिड, भले सिंह गुर्जर इत्यादि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## भाजपा जिलाध्यक्ष सहारण का अभिनंदन

**चूरू,** (कासं)। जी.के. मॉल स्थित सेराजेम सेन्टर में सोमवार को पीपुल यूनिटी संस्थान की ओर से नवनिर्वाचित भाजपा जिलाध्यक्ष हरलाल सहारण का अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थान के जिलाध्यक्ष रघुनाथ खेमका ने की। वहीं कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि सेराजेम सेन्टर के जिला कॉर्डिनेटर दयाराम, जगदीश भालेरीवाला व इंजी. सुरेश शर्मा थे। इस अवसर पर सेन्टर की निदेशक मंजू देवी ने स्वागत भाषण से जिलाध्यक्ष हरलाल सहारण का अभिनंदन किया। इस अवसर पर सहारण का माल्यार्पण कर, शॉल ओढ़ाकर व साफा पहनाकर अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुये जिलाध्यक्ष सहारण ने कहा कि यह अभिनंदन मेरा नहीं बल्कि आप सभी जिले वासियों का है। उन्होंने पीपुल यूनिटी संस्थान का आभार व्यक्त करते हुये समाज सेवा के क्षेत्र में किये गये सराहनीय योगदान के लिये जिलाध्यक्ष खेमका को बधाई दी। इस अवसर पर हिदायत खान, महमूद मोयल, भीमराज मेघवाल, सावित्री देवी, प्रदीप सारोठिया, पंकज शर्मा, अजीत खान, मोहित कुमार, समीर खान सहित बड़ी संख्या में महिला-पुरुष उपस्थित थे।

## परिवर्तन संकल्प यात्रा के स्वागत स्थल का दौरा किया



स्वागत कार्यक्रम स्थल का अवलोकन करते भाजपा नेता।

**रतनगढ़,** (निसं)। भाजपा नेताओं द्वारा परिवर्तन संकल्प यात्रा का रतनगढ़ पहुंचने पर स्वागत करने के लिए एन एच 11 पर लूंछ फाटा के पास स्वागत कार्यक्रम स्थल का अवलोकन कर व्यवस्थाएं देखी। यात्रा के जिला संयोजक व पूर्व जिला अध्यक्ष बसंत शर्मा व यात्रा के जिला स्वागत प्रमुख चंद्राराम गुरी आज रतनगढ़ के दौरे पर रहे, जहां उन्होंने स्थानीय भाजपा नेताओं से मिलकर यात्रा के स्वागत स्थल का दौरा किया। उन्होंने भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओं से कहा कि रतनगढ़ विधानसभा में परिवर्तन संकल्प यात्रा का स्वागत ऐतिहासिक व अद्भुत होना चाहिए, इसके लिए कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी देकर संकल्प भाव के साथ जुटना चाहिए। इस अवसर पर भाजपा नेता हरिप्रसाद दायमा, युवा नेता पवन सिंह राठौड़, भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष अरविंद इंदौरिया, विकास, पूर्व अध्यक्ष लीटू कल्पनाकांत, जिला परिषद सदस्य राजकुमार, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष मोहनलाल बबेरवाल, बनवारी लाल स्वामी आदि उपस्थित थे।


**नाम परिवर्तन**

मेरी पुत्री के विद्यालय रिकॉर्ड में भूलवश ज्योती जांगिड़ तथा पिता का नाम भागुराम जांगिड़ दर्ज हो गया है, जो गलत है। जबकि मेरी पुत्री का नाम समस्त दस्तावेजों के आधार पर ज्योती तथा पिता का नाम भागुराम है। अब मैं मेरी पुत्री के विद्यालय रिकॉर्ड में मेरी पुत्री का नाम ज्योती जांगिड़ के स्थान पर ज्योती तथा पिता का नाम भागुराम जांगिड़ के स्थान पर भागुराम संशोधित करवाना चाहता हूँ, जो कि सही एवं सत्य है। संशोधन कर दिया जावे।

**शपथग्रहिता**

**भागुराम पुत्र मोहर सिंह उम्र 42 वर्ष जाति जांगिड़ निवासी लाखलाण बड़ी तहसील राजगढ जिला चूरू (राज.)**


# नीमकाथाना जिला कलेक्टर के मुख्य आतिथ्य में 13 श्रेष्ठ भामाशाहों एवं दो प्रेरकों का सम्मान

**पाटन,** (निसं)। नीमकाथाना में स्थित सरस्वती पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल में जिला स्तरीय भामाशाह एवं प्रेरक सम्मान समारोह जिला शिक्षा अधिकारी प्रारंभिक शिक्षा के तत्वाधान में जिला कलेक्टर श्रुति भारद्वाज के मुख्य आतिथ्य में आयोजित किया गया। सर्वप्रथम मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं द्वीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

जिला शिक्षा अधिकारी राधेश्याम योगी ने कार्यक्रम की रूपरेखा पर प्रकाश डाला एवं समस्त अतिथियों का स्वागत एवं अभिनंदन किया। विद्यालय की छात्राओं ने सरस्वती वंदना एवं अतिथियों के सम्मान में स्वागत गान प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि जिला कलेक्टर श्रुति भारद्वाज, जिला शिक्षा अधिकारी राधेश्याम योगी एवं मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी बाबूलाल सैनी ने नीमकाथाना जिले के 13 श्रेष्ठ भामाशाहों का एवं उनको प्रेरित करने वाले दो प्रेरकों को शाल एवं साफा पहनाया गया, साथ ही प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका सम्मान किया गया। जिला कलेक्टर ने भामाशाहों का आभार व्यक्त किया एवं महाराणा प्रताप के समय भामाशाहों द्वारा किए गए दान के बारे में छात्र-छात्राओं को इस प्रकार की प्रेरणा जीवन में लेने के लिए संकल्प लेने की बात कही।



नीमकाथाना स्थित सरस्वती पब्लिक सीनियर सेकंडरी स्कूल में जिला स्तरीय भामाशाह एवं प्रेरक सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

समारोह में उपस्थित अतिथियों को भारद्वाज ने आस्वस्त करते हुए कहा कि नवगठित जिले में दिन-रात आपकी सेवा में कभी भी कोई परेशानी नहीं आने दी जाएगी, आप इसी प्रकार अपना सहयोग प्रदान करते रहे। इस अवसर पर सरस्वती पब्लिक स्कूल नीमकाथाना के निदेशक के पी सिंह ने जिला कलेक्टर को शाल एवं साफा पहनाकर तथा स्मृति चिन्ह एवं बुक भेंट कर उनका सम्मान किया एवं उनका आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य रमेश चंद यादव, सोमेश्वर प्रसाद, शेर सिंह, लक्ष्मी शर्मा, रविता मीना, अंजू बाला सैनी, अशोक मिठारवाल, आसिफ मोहम्मद एवं जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के कार्मिक उपस्थित रहे।

## प्रधानाध्यापकों के प्रशिक्षण का शुभारम्भ

**चूरू,** (कासं)। जिला स्तरीय पीईईओ व यूसीईईओ आमुखीकरण तीन दिवसीय व उच्च प्राथमिक प्रधानाध्यापक क्षमता संवर्द्धन छः दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारम्भ सहायक परियोजना समन्वयक रामनिवास पूनियां की अधक्षता में सरस्वती वंदना के साथ किया गया। उन्होने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत विद्यालयों में गुणक्या शिक्षा तथा नवाचारों के क्रियान्वयन के लिए उक्त प्रषिक्षणों की अध्यधिक आवश्यकता है। कार्यक्रम अधिकारी जितेन्द्र कुमार माली ने बताया कि जिले के स्मस्त ब्लॉकों के पीईईओ व यूसीईईओ एवं उच्च प्राथमिक प्रधानाध्यापकों के प्रषिक्षण आयोजित किये जाने हैं उक्त प्रषिक्षणों हेतु केआरपी तैयार किये जाने हैं जो कि ब्लॉक स्तर परिषद् द्वारा निर्धारित मॉड्युल के आधार पर कुल 268 पीईईओ व यूसीईईओतथा 513 उच्च प्राथमिक प्रधानाध्यापकों को प्रषिक्षण प्रदान करेंगे ।

# सादुलपुर क्रय विक्रय सहकारी समिति लि. की 48वीं साधारण सभा की बैठक आयोजित



सादुलपुर क्रय विक्रय सहकारी समिति लि. की 48वीं साधारण सभा की बैठक में सम्बोधित करते समिति अध्यक्ष गणपत राम ख्यालिया व मंचासीन अतिथिगण।

**सादुलपुर,** (निसं)। सादुलपुर क्रय विक्रय सहकारी समिति लि. की 48वीं साधारण सभा की बैठक समिति अध्यक्ष गणपत राम ख्यालिया की अध्यक्षता में आयोजित हुई। जिसमें समिति के मुख्य व्यवस्थापक मुरारीलाल सैनी ने गत बैठक का विवरण पढकर सुनाया, जिसकी ध्वनीमत से पुष्टि की गई। सैनी ने वित्तीय वर्ष 2023-24 बजट 1.36 लाख प्रस्तुत किया जो आमसभा नें स्वीकृत किया। स्वागत भाषण में कहा कि समिति ने पिछले 10 वर्षो में कुल 2,92,80,111 रूपये का शुद्ध लाभ कमाय, जो अपने आप में कीर्तिमान है। इस वर्ष में 29,33,916 रूपये का शुद्ध लाभ कमाया है। समिति ने कृषि आदान का 21.93 लाख का कार्य किया। वहीं एमएसपी खरीद का 112.08 लाख का कार्य राजस्थान में अग्रणी रहा है। इस वर्ष में नये सदस्य बनाकर 6.42 लाख रूपये की हिस्सा राशि की बढोतरी की गई है। समिति के वरिष्ठ सदस्य राजेन्द्र कालरी ने कृषकों के हित में ओर कार्य करने का सुझाव दिया। वहीं सुमेर सिंह सिहाग ने रासायनिक दवाईंया उपलब्ध करवाने की माँग की। रणसिंह कॉमरेड ने ओजस्वी भाषण में समिति के क्रिया क्लापो पर प्रकाश डाला। पूर्व विधायक नन्दलाल पूनियां ने समिति में आम उपभोक्ताओं के लिए स्टोर और ग्राम स्तर पर स्टोर खोलने का सुझाव दिया। वहीं समिति उपाध्यक्ष रामेश्वरलाल पूनियां ने सभी का स्वागत करते हुए समिति के क्रियाक्लापों पर विस्तार से प्रकाश डाला। अंत में समिति अध्यक्ष गणपतराम ख्यालिया ने इस वर्ष सभी सदस्यों को 7 प्रतिशत लाभांश देने की घोषणा की एव सदस्यों को सुझाव स्वीकार करते हुए इस वर्ष पोटाश, रासायनिक दवाईयां, पशु आहार, डेयरी उत्पाद, 500 एमटीका गोदाम निर्माण, 2000/5000एमटी का वेयरहाउस, कस्टम हायरिंग सेंटर की स्थापना, खेती में दवा छिडकाव हेतु ड्रोन उपलब्ध करवाने, जिप्सम उपलब्ध करवाने की घोषणा की। साथ ही पैक्स व केवीएएस के मध्य सामंजस्य बैठाने हेतु एक सलाहकार समिति का गठन किया।


**खोया-पाया**

मेरी खरीदशुदा भूमि जरिये इकरारनामा दिनांक 14.02.2005 खरीद के बाद आमीन पुत्र युसुफ निवासी राजगढ़ से बनवारीलाल वल्द हंसराम जाति नायक निवासी राजगढ़ तक के चैन दस्तावेज जिसका खसरा नं. 1139 कुल तादादी 2.17 हेक्टेयर भूमि में से भूखण्ड तादादी 420 दरगज है, जो वार्ड नं. 25, कुबा मस्जिद के पास, धीरू खां की ढाणी कस्बा राजगढ (चूरू) में स्थित है, के दस्तावेज कहीं गुम हो गये हैं। मिलने पर नगरपालिका कार्यालय राजगढ (चूरू) में जमा करवा दूंगा।

**प्रार्थी/सूचनाकर्ता**

**मकबूल खान पुत्र मुख्त्यार अली जाति भड़भूजानिवासी वार्ड नं. 25, कुबा मस्जिद के पास धीरू खां की ढाणी कस्बा राजगढ़ तह. राजगढ़ जिला चूरू (राज.)**

**बेदखली आम सूचना**

मनके दलवीर आयु 63 वर्ष पुत्र प्रभूराम जाति मेघवाल साकिन सुरतपुरा तहसील राजगढ जिला चूरू (राज.) का हूं जो कि निम्र तथ्य शपथपूर्वक बयान करता हूं कि :- 1. यह कि दिवान पुत्र दलवीर, सुनिता पत्नी दिवान व अशोक पुत्र दलवीर, दर्शना पत्नी अशोक जातिगण मेघवाल निवासीगण सुरतपुरा तहसील राजगढ जिला चूरू (राज.) मेरे पुत्र व पुत्रवधू हैं। मेरे उक्त दोनों पुत्र व दोनों पुत्रवधू आवारा व बदमाश प्रवृति के हैं जो शराब के नशे में रहते है एवं मेरे साथ मारपीट करते रहते हैं तथा लोगो से रूपये व पैसे उधार ले लेते है तथा वापिस मांगने पर नहीं देते है तथा झगड़ा फसाद करते रहते हैं। आज के बाद कोई मुकदमा होता है या कोई कर्जा लेकर नहीं देंगे तो उसमें मेरी कोई जिम्मेवारी नहीं होगी, समस्त प्रकार की जिम्मेवारी लेन-देन करने वाले स्वयं की होगी। आज से मैंने मेरे दोनों पुत्रों दिवान पुत्र दलवीर, अशोक पुत्र दलवीर एवं दोनों पुत्रवधू सुनिता पत्नी दिवान व दर्शना पत्नी अशोक जातिगण मेघवाल निवासीगण सुरतपुरा तहसील राजगढ जिला चूरू (राज.) को बेदखल कर दिया है।

**सूचित रहे। दिनांकः- 11.09.2023**

**शपथग्रहिता**

**दलवीर आयु 63 वर्ष पुत्र प्रभूराम जाति मेघवाल साकिन सुरतपुरा तहसील राजगढ जिला चूरू (राज.)**


# जिले के 8190 कृषक अनुदान पर लगा सकेगें सोलर पम्प

## सरकार ने 18 फर्मों के साथ किया अनुबन्ध

**चूरू,** (कासं)। पीएम.कुसुम योजना के तहत उद्यान विभाग व निर्माता फर्मो के बीच एक साल बाद सहमति बनने पर प्रदेश के किसानों के लिए सोलर पम्प लगवाने की राह खुल चुकी है। इसके लिए राज्य सरकार ने 18 सोलर पम्प निर्माता फर्म के साथ लागत तय कर टेण्डर प्रक्रिया पुरी कर ली है। उद्यान उप निदेशक डॉ धर्मवीर ने बताया कि पीएम.कुसुम योजना के दूसरे फेज के तहत् प्रदेश में एक लाख किसानों को सोलर पम्प का लक्ष्य आवंटित किया गया है। चूरू जिले के 8 हजार 190 किसानों को योजना के तहत् सोलर पम्प आवंटित किये जाने हैं। सोलर पम्प के लिये जिले के 11 हजार 749 से ज्यादा किसान आवेदन कर चुके हैं। योजना के तहत् सिंचाई के लिये सोलर पम्प लगाने पर किसानों को 60 प्रतिशत अनुदान दिया जाता है। साथ ही अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति श्रेणी के किसानों को 60 प्रतिशत अनुदान के साथ राज्य सरकार की तरफ से 45 हजार रुपए की अतिरिक्त सहायता राशि दी जाती है। उन्होंने बताया कि जिले में सामान्य कृषकों को 6050ए अनुसूचित जाति के 2000 एवं अनुसूचित जनजाति के लिए 140 सोलर पम्प सेट अनुदान पर लगाने हेतु लक्ष्य प्राप्त हुये हैं। डॉ धर्मवीर ने बताया कि योजना के दिशा.निर्देशानुसार प्रदेश के किसानों को 3 एचपीए 5 एचपी एवं 7.5 एचपी पर अनुदान दिया जाएगा। योजना के तहत् कृषक 10 एचपी तक सोलर पम्प सेट स्थापित करवा सकता है परन्तु अनुदान 7.5 एचपी तक का ही देय होगा। अतिरिक्त राशि कृषक को वहन करनी पडेगी। आयुक्तालय स्तर से अभी 7.5 एचपी डीसी सोलर पम्प सेट की कृषक हिस्सा राशि 2 लाख 14 हजार 638 रुपए तय की गयी है जबकि 10 एचपी एसी एवं डीसी सोलर पम्प सेट की कृषक हिस्सा राशि 3 लाख 42 हजार 555 रुपए तय की गयी है। उन्होंने बताया कि उद्यान आयुक्तालय की गाईड लाईन के अनुसार सबसे पहले विभाग द्वारा किसानों के आवेदनों की डिटेल को अपडेट किया जाएगा। कृषक स्वयं भी राज किसान पोर्टल पर अपना ऑनलाईन आवेदन अपडेट कर सकता है।

## जत्था खाटू श्याम के लिये रवाना

**चूरू,** (कासं)। श्री श्याम मित्र मंडल भार्गव समाज का बाबा खाटू श्यामजी के लिये प्रथम पैदल यात्री संघ का जत्था सोमवार को वार्ड 48 स्थित महावीर दल चौक से रवाना हुआ। इससे पूर्व सभी श्याम भक्तों ने बाबा श्याम की विशेष आरती में भाग लिया और डीजे के साथ नाचते गाते शोभायात्रा के रूप में प्रमुख मार्गो से होते हुये चूरू से रवाना हुये। इस यात्रा में 60 पैदल यात्री व गाड़ियों में सेवा कर्ता मौजूद थे । मेघराज भार्गव ने बताया कि यात्रा में हर रोज श्रीश्याम का फूलों से भव्य श्रंगार व बाबा को भोग लगाया जायेगा। इस यात्रा में खाने पीने व रहने की व्यवस्था भी की गई है। इस अवसर पर आयोजनकर्ता पार्षद मेघराज भार्गव, लक्की, सुशील, अतुल, मनोज, सूरज, भरत, गुरूमुख, कमल, आशु, लखन, सीताराम, दिनेश, कालू, पंकज, विकास, कालीचरण, भवानी, प्रशांत, योगेश, बुली, रवि, पिन्टू, जितेंद्र, गोलू, जतिन, मनीष, विक्रम, विकास, धीरू छपरी, बादशाह, विजय, अनिल सेठी, मनीष, नितेश, योगेश रावल, सचिन, सुमित, भूपेंद्र, धोनी, दिनकर, अजय, कालू, अमित, आशीष सहित समस्त श्याम प्रेमी भार्गव समाज की महिलायें व पुरुष उपस्थित थे।

# पूर्व विद्यार्थियों ने जाजोदिया विद्यालय पहुंच कर किया शिक्षकों का सम्मान

**सुजानगढ़,** (निसं)। राजकीय जाजोदिया उ.मा. विद्यालय में पूर्व विद्यार्थियों ने शिक्षकों का सम्मान किया। पूर्व विद्यार्थियों ने अपने जीवन में शिक्षक के महत्व को रेखांकित करते हुए शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया। पूर्व विद्यार्थी जेडीजे ज्वैलर्स के पवन सोनी ने विद्यालय में पेयजल टंकी का निर्माण करवाने की घोषणा की। डॉ. जाकिर हुसैन शिक्षण संस्थान के संस्थापक पूर्व शिक्षक सैयद मो. अकरम ने विद्यालय विकास के लिए 11 हजार रूपये देने की घोषणा की। प्राचार्य कमलेश सिंघल ने पूर्व विद्यार्थियों का विद्यालय में स्वागत करते हुए आवश्यकताओं के बारे में जानकारी देते हुए उनकी पूर्ति करने में सहयोग करने का निवेदन किया। इस दौरान सेवानिवृत प्राचार्य शंकरलाल गोयनका, मुरारीलाल शर्मा, परमेश्वरलाल शर्मा, सीताराम सोनी, मोहनलाल सैनी, लादूराम झूरिया, रामनिवास घोटिया, नरेन्द्रसिंह भाटी सहित उपस्थित पूर्व शिक्षकों का पूर्व विद्यार्थी डॉ. पुरूषोतम करवा, डॉ. विवेक सोनी, डॉ. रविकांत सोनी, डॉ. कपीश सोनी, पवन सोनी जेडीजे ज्वैलर्स, हनुमान जयपाल, वासुदेव शर्मा, सैयद अली नवाज, सैयद अली हसन, रहीस अहमद सैयद, रूपेश शर्मा, ललित खुडिया, चित्रलेखा चौहान, जगदीश प्रसाद गुर्जर, प्रकाश पारीक, सुरेश सैन, वैभव कुमार जोशी, लच्छाराम कोलासर, रामचंद्र कोलासर, गणेशराम गोदारा, राकेश कुमार, विपिन प्रजापत, वंदना खत्री, अजीत दाधीच, विपुल कुमार पांडेय, मनोज प्रजापत पडिहारा, भंवरलाल प्रजापत पडिहारा, भंवरलाल जाट, आलोक शर्मा, विकास शर्मा, प्रहलाद राय जाखड, मनोज वर्मा, कमल किशोर सोनी, ओमप्रकाश ढिढारिया, सुरेशचंद्र मिश्र, पृथ्वीराज टेलर, बाबूलाल बाकोलिया, डॉ. मनोज शर्मा सहित उपस्थित पूर्व विद्यार्थियों ने पुष्पहार व साफा पहना कर तथा श्रीफल भेंट कर आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर पूर्व शिक्षकों ने इसे एक नवाचार बताते हुए विद्यालय विकास में आवश्यक सहयोग के लिए हर समय तैयार रहने का भरोसा दिया। इस दौरान विद्यालय के उप प्राचार्य धर्मसिंह मीणा, चंद्रभानु सोनी, हरिकेश बाकोलिया, बसंत चौधरी सहित अनेक वर्तमान शिक्षकगण उपस्थित थे।



सुजानगढ जाजोदिया स्कूल में पूर्व व वर्तमान शिक्षकों के साथ पूर्व विद्यार्थी।

## मीड़िया संवेदीकरण कार्यक्रम आज

**सीकर,** (निस)। राजस्थान मिशन 2030 के अंतर्गत जिला स्तरीय मीड़िया संवेदीकरण सेंसिटाईजेशन कार्यक्रम आज दोपहर 12 से 2 बजे तक सूचना एवं जनसम्पर्क कार्यालय सूचना केन्द्र में आयोजित किया जायेगा। सहायक निदेशक जनसम्पर्क पूरण मल ने बताया कि राजस्थान सरकार द्वारा प्रदेश के चहुंमुखी विकास एवं प्रदेशवासियों की खुशहाली एवं उन्हें सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने एवं विजन डॉक्यूमेंट तैयार कर वर्ष 2030 तक राजस्थान को अग्रणी राज्य बनाने के लिए राजस्थान मिशन 2030 प्रारंभ किया गया है।


**कार्यालय नगर परिषद सुजानगढ़ (चूरू) राजस्थान**

क्रमांकः-न.प.सु./भूमि शाखा/2023/5702 दिनांक-11/09/2023

**आपत्ति आमंत्रण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है किनीचे अंकित निम्नलिखित व्यक्तियों द्वारा कृषि भूमि नियमन के अन्तर्गत पट्टा नियमन हेतु आवेदन किया हुआ है। उक्त के संबंध में किसी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो, तो आपत्ति प्रकाशन के 07 दिवस में मय दस्तावेज इस कार्यालय में प्रस्तुत करे। बाद मियाद गुजरने पश्चात किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा, और इकतरफा कार्यवाही की जावेगी।

| क्र. सं. | आवेदक का नाम व पता | कस्बा | ख.नं. | क्षेत्रफल वर्गमीटर | आवासीय/ व्यवसायिक |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | श्री जगदीश प्रसाद माली पुत्र श्री मालचंद | सुजानगढ़ | 672/ 278 | 1765.09 | व्यवसायिक |

आयुक्त, नगर परिषद् सुजानगढ़


# उल्लेखनीय योगदान के लिये जिले के 77 भामाशाहों व 14 प्रेरकों को सम्मानित किया

**चूरू,** (कासं)। शिक्षा विभाग की ओर से कैरियर कॉलेज सभागार में सोमवार को जिला स्तरीय भामाशाह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य आतिथि जिला परिषद् के मुख्य कार्यकारी अधिकारी पी.आर मीणा थे। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी जगबीर सिंह यादव ने की। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक निसार अहमद खान, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी ओम दत्त सहारण व मोहता एजुकेशन सोसाइटी के चेयरमैन श्रीवर्धन मोहता थे। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी जिला शिक्षा अधिकारी प्रारंभिक शिक्षा संतोष कुमार महर्षि, कैरियर कॉलेज निदेशक अमीलाल धेतरवाल, सहसंचालक मनरूप धेतरवाल, सहायक परियोजना समन्वयक हरिप्रसाद शर्मा, कार्यक्रम अधिकारी इकबाल हसन गौरी, मनोज सोलंकी, एडीईओ नारायण कुमार मेघवाल आदि मंचस्थ थे। राज्य सरकार के निर्देशानुसार इस अवसर पर ज्ञान संकल्प पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन करने वाले 77 भामाशाह व 14 प्रेरकों का सम्मान किया गया। उल्लेखनीय है कि 15 लाख से अधिक का योगदान देने वाले भामाशाह का राज्य स्तरीय समारोह में सम्मान किया गया। मुख्य अतिथि पी. आर. मीणा ने भामाशाहों द्वारा राजकीय विद्यालयों में किये गये विकास कार्यों की प्रशंसा करते हुये आभार व्यक्त किया। जिला शिक्षा अधिकारी संतोष महर्षि ने स्वागत उद्बोधन देते हुये भामाशाहों को प्रेरित किया। मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी जगबीर सिंह यादव ने भामाशाहों का उत्साहवर्धन करते हुये उन्हें शुभकामनायें दी। ज्ञान संकल्प पोर्टल प्रभारी व समसा कार्यक्रम अधिकारी सुरेंद्र महला ने भामाशाहों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुये जिले को ज्ञान संकल्प पोर्टल में नंबर वन पर रखने के लिये सभी प्रधानाचार्यों व शिक्षकों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में गूगन जांगिड, रामप्रसाद परिहार, रजनीश धुआं, मनोज नेहरा, अमित ढ़ाणा, रेसला जिलाध्यक्ष अमित सहारण, दिनेश चन्द्र स्वामी, विजयपाल भाकर व शिवकुमार ने कार्यक्रम में सहयोगी भूमिका निभाई। कार्यक्रम का संचालन जिला संदर्भ व्यक्ति रणवीर धींधवाल ने किया।




शिक्षा विभाग की ओर से कैरियर महाविद्यालय में जिला स्तरीय भामाशाह सम्मान समारोह आयोजित।

## मंदिर निर्माण की रखी आधारशिला

**चिड़ावा,** (निसं)। शहर के भगीनिया जोहड में बावलिया बाबा की विशाल प्रतिमा स्थल पर अब मंदिर का निर्माण होगा। इस मंदिर निर्माण के कार्य का शुभारंभ सोमवार को हुआ। भगीनिया जोहड स्थित संकटमोचन हनुमान मंदिर के महंत रामसेवक दास महाराज ने मंदिर की आधारशिला रखी। इस दौरान उन्होंने कहा कि बावलिया बाबा एक महान अघोरी संत थे। जन जन की आस्था के प्रतीक बाबा का जीवन सभी के लिए अनुकरणीय है। उनकी जीवनी से जन जन को परिचित करवाने और आस्था जागृत करने के लिए जोहड में बहुत अच्छे कार्य हो रहे हैं। चिड़ावा जन कल्याण सेवा संस्थान के अध्यक्ष रविकांत शर्मा ने बताया कि बाबा की 21 फुट की मूर्ति खुले में लगी हुई है। इसे धूल, मिट्टी और बारिश से सुरक्षित करने के उद्देश्य से मूर्ति स्थल पर मंदिर निर्माण कार्य शुरू करवाया गया है। जनवरी तक भगीनिया जोहड में विकास कार्यों का प्रथम चरण का कार्य पूरा करवाया जाएगा। इस मौके पर मुकेश जलिंद्रा, सत्येंद्र कौशिक, इंद्र सूरजगढ़िया, केदार शर्मा, पंडित कैलाश शर्मा सहित गणमान्यजन मौजूद रहे।


**कार्यालय ग्राम पंचायत लूंछ पंचायत समिति, रतनगढ़**

क्रमांक :- निर्माण/आ.र.डी./निविदा/2023-24 दिनांक 06.09.2023

**खुली निविदा सूचना**

राजस्थान पंचायत राज नियम 1996 के नियम 181(1) के अन्तर्गत निम्नानुसार कार्यों को करवाये जाने के लिए पंचायती राज विभाग, सार्वजनिक निर्माण विभाग, जल संसाधन विभाग, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, नगर निगम एवं राज्य सरकार के अधिकृत संगठनों में पंजिकृत सक्षम श्रेणी के संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में निम्नानुसार खुली निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

| S. NO | NIB NO | UBN NO |
|---|---|---|
| 1 | PDL2324A0017 | PDL2324WSOB00017 |

निविदा से अन्य विवरण तथा समस्त निविदा शर्तें www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखी एवं डाउनलोड कर प्राप्त की जा सकती है।

(सुरेन्द्रसिंह) ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत लूंछ पंचायत समिति, रतनगढ़

( संपतराम नायक) सरपंच ग्राम पंचायत लूंछ पंचायत समिति, रतनगढ़